# UP (Ro/Aro) Mains 2013 General Hindi

## [Series - B :: Code - RXN-3]

1. 'इनमें से कौन-सा वाक्य अशुद्ध है'?
   (a) हर एक खिलाड़ी मैदान में पहुँच गए।
   (b) सड़क पर बहुत भीड़ है।
   (c) अध्ययन के लिए अच्छी पुस्तकें आवश्यक हैं।
   (d) साहित्य और संस्कृति का गहरा सम्बन्ध है।

2. सुसंगत शब्द-प्रयोग में कौन सा वाक्य सर्वाधिक उपयुक्त है?
   (a) दुष्ट को सजा मिलनी चाहिए।
   (b) अपराधी को सजा मिलनी चाहिए।
   (c) अशिष्ट को सजा मिलनी चाहिए।
   (d) शत्रु को सजा मिलनी चाहिए।

3. शुद्ध वाक्य का चयन कीजिये
   (a) गुरु आ रहा है। (b) गुरू आ रहे हैं।
   (c) गुरु आ रहे हैं। (d) गुरूजी आ रहे हैं।

4. शब्दानुक्रम में सही वाक्य है
   (a) वह गरीब आदमी था।
   (b) वह आदमी गरीब था।
   (c) था वह गरीब आदमी।
   (d) था गरीब वह आदमी।

5. वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध शब्द है
   (a) अनुषांगिक (b) अनुसांगिक
   (c) आनुषंगिक (d) आनुसांगिक

6. वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध शब्द है
   (a) परिच्छा (b) परीच्छा
   (c) परीक्षा (d) परिक्षा

7. वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध शब्द का चयन कीजिये।
   (a) अनुग्रहीत (b) अनुगृहीत
   (c) अनुग्रहित (d) आनुगृहीत

8. वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध शब्द है
   (a) नरक (b) नर्क
   (c) न्रक (d) र्नक

9. वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध शब्द का चयन कीजिये।
   (a) टिप्पड़ी (b) टिप्पणि
   (c) टीप्पणी (d) टिप्पणी

10. 'पति-युक्ता स्त्री' को एक शब्द में कहते हैं
    (a) दम्पती (b) जोड़ी
    (c) सधवा (d) पति-पत्नी

11. 'झगड़ा लगाने वाला मनुष्य' एक शब्द में कहा जाता है
    (a) जयचन्द (b) शकुनी
    (c) विभीषण (d) नारद

12. 'महल के भीतरी भाग' को किस शब्द में जानते हैं?
    (a) गर्भगृह (b) भीतरी तल
    (c) अन्तःपुर (d) रनिवास

13. इनमें कौन सा शब्द तद्भव है?
    (a) मधुप (b) मधुकर
    (c) भ्रमर (d) भँवरा

14. 'मुदरी' का तत्सम रूप है
    (a) मुद्री (b) मुन्दरी
    (c) मुदरिका (d) मुद्रिका

15. 'दीठि' का तत्सम रूप है
    (a) द्रष्टि (b) दिष्टि
    (c) दीष्टि (d) दृष्टि

16. कौन सा शब्द तत्सम है?
    (a) शुश्रूषा (b) सुन्नर
    (c) अपजस (d) अच्छर

17. 'सिंगार' शब्द का तत्सम है?
    (a) श्रृंगार (b) श्रंगार
    (c) शृंगार (d) शिंगार

18. 'मीठा अमरूद' में 'मीठा' विशेषण किस कोटि का है?
    (a) परिमाणवाचक (b) गुणवाचक
    (c) व्यक्तिवाचक (d) संख्यावाचक

19. 'तुम कहाँ पढ़ते हो' - में किस कोटि का विशेषण प्रयुक्त हुआ है?
    (a) गुणवाचक (b) प्रश्नवाचक
    (c) संख्यावाचक (d) संकेतवाचक

20. 'लोभी' किस विधि से निर्मित विशेषण है?
    (a) संज्ञा-विधि (b) सर्वनाम-विधि
    (c) क्रिया-विधि (d) प्रत्यय-विधि

21. इनमें कौन सा युग्म विशेषण नहीं है?
    (a) छोटा-बड़ा (b) हरा-पीला
    (c) दो-तीन (d) राम-लक्ष्मण

22. इनमें संख्यावाचक विशेषण कौन सा है?
    (a) सात (b) काला
    (c) रावण (d) खट्टा

23. 'उत्कर्ष' शब्द का विलोम लिखिए।
(a) पतन (b) अपकर्ष
(c) अपभ्रष्ट (d) विकर्ष

24. 'अन्तर्मुखी' का विलोम लिखिए।
(a) जगत्मुखी (b) वाचाल
(c) चतुर्मुखी (d) बहिर्मुखी

25. 'अतिवृष्टि' का विलोम शब्द है
(a) अल्पवृष्टि (b) लघुवृष्टि
(c) अनावृष्टि (d) न्यूनवृष्टि

26. 'संयोग' का विलोम शब्द है
(a) अयोग (b) वियोग
(c) विरह (d) योगहीन

27. 'राजा' शब्द का विलोम लिखिए।
(a) गरीब (b) दरिद्र
(c) रंक (d) भिखारी

28. 'आकाश' शब्द का विलोम है
(a) धरती (b) नागलोक
(c) पाताल (d) समुद्र

29. 'सगुण' शब्द का विलोम है
(a) अवगुण (b) अगुण
(c) दुर्गुण (d) निर्गुण

30. 'अपशकुन' का विलोम है
(a) अशकुन (b) शकुन
(c) पुण्य (d) पावन